मण्डल/विद्युत कंपनी द्वारा वर्ष 2008–09 में की गई कर्मचारी कल्याणकारी गतिविधियाँ

श्रमिक प्रशिक्षण

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मण्डल में अपने अधिकारी/कर्मचारियों हेतु अप्रेल 2008 से दिसंबर 2008 तक विभिन्न छै कार्यालयों में केन्द्रीय श्रमिक शिक्षा मण्डल के तत्वाधान में 2 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें औद्यौगिक बीमारी, उत्पादकता, समय प्रबन्धन, कार्य संस्कृति आचार नियम, सृजनात्मकता, अनुशासन, औद्यौगिक सुरक्षा, प्रबन्धन में भागीदारी इत्यादि विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया तथा छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत कंपनियों में 1 जनवरी 2009 से 31 मार्च 2009 तक 4 विभिन्न कार्यालयों में प्रशिक्षण दिया गया, जिससे मैदानी क्षेत्र के कर्मचारी लाभान्वित हुए, जिस हेतु छत्तीसगढ़ राजय विद्युत मण्डल/विद्युत कंपनियों द्वारा केन्द्रीय श्रमिक प्रशिक्षण मण्डल को निर्धारित प्रशिक्षण शुल्क का भुगतान किया गया।

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मण्डल में दिनांक 02 एवं 03 दिसंबर 2008 को मुख्य अभियंता (रा॰क्षे॰) के अधीन तथा दिनांक 04 एवं 05 दिसंबर 2008 को मुख्य अभियंता (बि॰क्षे॰) के अधीन जीने की कला विषय पर कर्मचारी/अधिकारियों का प्रशिक्षण हुआ।

...